अध्याय – चतुर्थ

प्रदत्तों का विश्लेषण एवं व्याख्या

प्रदत्तों का विश्लेषण

अध्ययन हेतु चयनित उपकरण के माध्यम द्वारा प्रदत्तों का संकलन किया गया। तत्पश्चात् प्राप्त प्रदत्तों का विश्लेषण तथा व्याख्या इस अध्याय में किया गया। सभी परिकल्पनाओं का परीक्षण उपयुक्त सांख्यिकीय विधियों का उपयोग करके किया गया। अध्ययन हेतु कुल तीन परिकल्पनाओं का चयन किया गया तथा क्रमानुसार प्रत्येक परिकल्पना के विश्लेषण के आधार पर प्राप्त परिणामों को इस अध्याय में दर्शाया गया है।

परिकल्पना 1 (सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के आधार पर)

समूह	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	स्वतंत्रता की डिग्री	परिकलित t मान	टिप्पणियां
सरकारी विद्यालय के शिक्षक	20	147	14.65031	38	0.352707	सार्थक नहीं है ।
गैर सरकारी विद्यालय के शिक्षक	20	143.5	7.742569			



विश्लेषण

इस परिकल्पना के अनुसार माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों में सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के आधार पर शिक्षक प्रभावशीलता में सार्थक अंतर नहीं है I इस सारणी का अवलोकन करने पर ज्ञात होता है 38 स्वतंत्रता की डिग्री के लिए टी का परिकलित मान 0.352707 पाया गया है। 0.05 स्तर पर 38 स्वतंत्रता की डिग्री के लिए सारणीद्ध टी मान 2.024 है, चूंकि हमारा परिकलित टी मान तालिका मान से कम है इसलिए यह 0.05 के महत्व के स्तर पर सार्थक नहीं है। अत: हमें शून्य परिकल्पना स्वीकार करना होगा। इससे पता चलता है कि माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों में सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के आधार पर शिक्षक प्रभावशीलता में सार्थक अंतर नहीं है।

परिकल्पना 2 (लिंग के आधार पर)

समूह	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	स्वतंत्रता की डिग्री	परिकलित t मान	टिप्पणियां
महिला	20	147.2	9.254302	38	0.298754	सार्थक नहीं है।
पुरूष	20	143.3	13.68864			



विश्लेषण

इस परिकल्पना के अनुसार माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों में लिंग के आधार पर शिक्षक प्रभावशीलता में सार्थक अंतर नहीं है। इस सारणी का अवलोकन करने पर ज्ञात होता है 38 स्वतंत्रता की डिग्री के लिए टी का परिकलित मान 0.352707   पाया गया है। 0.05 स्तर पर 38 स्वतंत्रता की डिग्री के लिए सारणीबद्ध टी मान 2.024 है चूंकि हमारा परिकलित टी मान तालिका मान से कम है इसलिए यह 0.05 के महत्व के स्तर पर सार्थक नहीं है। अत: हमें शून्य परिकल्पना स्वीकार करना होगा। इससे पता चलता है कि माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों में महिला एवं पुरूष के आधार पर शिक्षक प्रभावशीलता में सार्थक अंतर नहीं है।

परिकल्पना 3 (अनुभव के आधार पर)

समूह	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	स्वतंत्रता की डिग्री	परिकलित t मान	टिप्पणियां
20 साल से अधिक	21	146.7143	10.0157	38	0.419905082	सार्थक नहीं है ।
20 साल से कम	19	143.6316	13.41314			



विश्लेषण

इस परिकल्पना के अनुसार माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों में अनुभव के आधार पर शिक्षक प्रभावशीलता में सार्थक अंतर नहीं है। इस सारणी का अवलोकन करने पर ज्ञात होता है 38 स्वतंत्रता की डिग्री के लिए टी का परिकलित मान 0.419905082 पाया गया है। 0.05 स्तर पर 38 स्वतंत्रता की डिग्री के लिए सारणीबद्ध टी मान 2.024 है चूंकि हमारा परिकलित टी मान तालिका मान से कम है इसलिए यह 0.05 के महत्व के स्तर पर सार्थक नहीं है। अतः हमें शून्य परिकल्पना स्वीकार करना होगा। इससे पता चलता है कि माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों में अनुभव के आधार पर शिक्षक प्रभावशीलता में सार्थक अंतर नहीं है। इससे पता चलता है कि माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों में महिला एवं पुरूष के आधार पर शिक्षक प्रभावशीलता में सार्थक अंतर नहीं है।